विद्युत परिषद इण्टर कालेज
1x660 मे0वा0, पनकी ताप विस्तार परियोजना
पनकी कानपुर

आवश्यकता है

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमि0 द्वारा संचालित विद्युत परिषद इण्टर कालेज, पनकी पावर हाउस, कानपुर में हाईस्कूल कक्षाओं में शिक्षण हेतु अवकाशप्राप्त शिक्षकों से दैनिक मानदेय पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं –

हाईस्कूल कक्षाओं हेतु – कुल 03 पद – जिसमें गणित -01 पद , विज्ञान - 02 पद (भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान - 01 पद तथा जीवविज्ञान -01 पद) है।

शर्त एवं प्रतिबन्ध –

हाईस्कूल कक्षाओं में शिक्षण कार्य हेतु केवल अवकाशप्राप्त सहायक अध्यापकों को प्रतिदिन 05 चक्र शिक्षण कार्य करना होगा। विज्ञान विषय में 01 पद अनुसूचित जाति हेतु सुरक्षित है, अभ्यर्थी न होने की दशा में उक्त पद सामान्य अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा। हाईस्कूल कक्षाओं में शिक्षण कार्य हेतु रू0 575=00 (पांच सौ पचहत्तर रूपये मात्र) प्रति कार्य दिवस दैनिक मानदेय दिया जायेगा। यह व्यवस्था दिनांक 31/01/2021 तक के लिए होगी। आपका कार्य सन्तोषजनक न पाये जाने पर अथवा निगम मुख्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की नियुक्ति /आदेश होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से आपकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी।

अतः इच्छुक अवकाश प्राप्त शिक्षक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्रों तथा सेवानिवृत्त होने का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित दिनांक 26/11/2020 तक विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्राप्त करायें। साक्षात्कार हेतु बाद में सूचित किया जायेगा।

साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(विवेक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता जानपद एवं प्रबन्धक

Scanned with CamScanner